बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– PR.........../2024

सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–11वीं (सत्र 2024–26) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2024 के लिए समिति के वेबसाईट पर अभ्यर्थियों का डमी प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी करने, त्रुटि सुधार करने एवं परीक्षा शुल्क की राशि जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमुई के कक्षा–11वीं (सत्र 2024–26) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने के लिए जिन अभ्यर्थियों के द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा किया गया है, उनका डमी प्रवेश पत्र, त्रुटि सुधार हेतु, समिति के वेबसाईट https://bsebsimultala.com पर **दिनांक 05.06.2024 से 08.06.2024 तक** उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उक्त परीक्षा का डमी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उसका अवलोकन कर लेंगे। डमी प्रवेश पत्र में मुद्रित विवरणों यथा; अभ्यर्थी के नाम, जन्म तिथि, लिंग, आधार नं., मोबाइल नं., माता का नाम, पिता का नाम, जाति कोटि, दिव्यांगता स्थिति, एवं फोटो में यदि किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होती है तो अभ्यर्थी अपने यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड के माध्यम से उक्त अवधि में त्रुटियों का सुधार करेंगे।

2. जिन अभ्यर्थियों के द्वारा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थी **दिनांक 03.06.2024 से दिनांक 04.06.2024 तक** परीक्षा शुल्क की राशि जमा कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करने वाले अभ्यर्थियों का आवेदन अस्वीकृत कर दिया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी की होगी।

3. उक्त अवधि के बाद किसी प्रकार की त्रुटि का सुधार करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने का अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।